

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ
RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## Ajit Pawar Plane Crash: 'विमान हादसे में कोई भी जीवित नहीं बचा


### DGCA अधिकारी ने की पुष्टि, जांच के दिए आदेश





अजित पवार से जुड़े विमान हादसे को लेकर नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने आधिकारिक पुष्टि की है कि इस भीषण दुर्घटना में कोई भी व्यक्ति जीवित नहीं बचा। DGCA के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही बचाव और राहत दलों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया, लेकिन मलबे की स्थिति और आग की तीव्रता के कारण किसी के सुरक्षित निकलने की संभावना नहीं रही। प्रारंभिक आकलन में भारी क्षति की बात सामने आई है। DGCA के अनुसार, दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए विस्तृत और निष्पक्ष जांच के आदेश जारी कर दिए गए हैं। जांच में विमान की तकनीकी स्थिति, मेंटेनेंस रिकॉर्ड, उड़ान से पहले की जांच प्रक्रिया, मौसम की स्थिति, एयर ट्रैफिक कंट्रोल से हुई अंतिम बातचीत और पायलट के निर्णयों की गहन समीक्षा की जाएगी। हादसे के सटीक कारणों तक पहुंचने के लिए विमान के ब्लैक बॉक्स (फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर और कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर) की तलाश प्राथमिकता पर की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि विमान ने उड़ान के कुछ समय बाद ही आपात स्थिति के संकेत दिए थे, जिसके बाद संपर्क टूट गया। घटनास्थल पर पहुंची टीमों को विमान के टुकड़े दूर-दूर तक बिखरे मिले, जिससे दुर्घटना की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां मौके पर तैनात हैं और क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया गया है, ताकि जांच कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। DGCA ने स्पष्ट किया कि जांच पूरी होने के बाद यदि किसी स्तर पर लापरवाही या तकनीकी खामी पाई जाती है, तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## अलीगढ़ नुमाइश में बारिश का कहर, दुकानदारों और दर्शकों की बढ़ीं मुश्किलें



ताले और तालीम के शहर अलीगढ़ की पहचान मानी जाने वाली 147वीं ऐतिहासिक नुमाइश में अचानक हुई बारिश ने रंग में भंग डाल दिया। कड़ाके की ठंड के बीच हुई तेज बारिश से जहां एक ओर शहर का तापमान गिर गया, वहीं दूसरी ओर नुमाइश की रौनक पर भी असर साफ नजर आया। बारिश के चलते दुकानदारों, दर्शकों और आयोजकों सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ा। नुमाइश में दूर-दराज से आए दुकानदारों, खासकर खुले में दुकान लगाने वालों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। बारिश शुरू होते ही दुकानदार अपने सामान को बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। कई दुकानों में पानी भर जाने से सामान भीग गया, जिससे आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है।



खुले बाजार और क्राफ्ट स्टॉल सबसे ज्यादा प्रभावित रहे। उद्योग मंडप जैसे क्षेत्रों में जहां टीनशेड की व्यवस्था थी, वहां स्थिति कुछ हद तक संभली रही, लेकिन खुले आसमान के नीचे लगने वाले झूलों और दुकानों पर सन्नाटा पसर गया। बारिश और ठंडी हवाओं के कारण दर्शकों की संख्या में भी गिरावट दर्ज की गई, जिससे नुमाइश की चहल-पहल कम हो गई।

## IMD Rain Alert

### 13 राज्यों में बारिश-ओले का अलर्ट, ठंड के बीच मौसम विभाग की बड़ी चेतावनी



मौसम विभाग (IMD) ने ठंड के बीच देश के कई हिस्सों में मौसम के बिगड़ने की चेतावनी दी है। विभाग ने 13 राज्यों में अगले 2–3 दिनों में बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। यह अलर्ट पश्चिमी विक्षोभ के सुदृढ़ होने के कारण दिया गया है, जिससे मौसम में अचानक बदलाव और ठंड का प्रभाव और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। IMD के अनुसार, उत्तर भारत, पूर्वी भारत और कुछ मध्य भारत के हिस्सों में बारिश के साथ गर्जना व ओले गिरने की आशंका है। खासकर हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, झारखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना भी बनी हुई है, जिससे फसलों और बागवानी को नुकसान का खतरा बढ़ गया है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा है कि यह स्थिति लगातार 24–48 घंटे तक बनी रह सकती है और तापमान में गिरावट के कारण ठंड और कड़क होगी। मौसम विभाग ने चेतावनी के साथ कहा है कि बारिश और ओले से सड़कें फिसलन भरी हो सकती हैं, इसलिए ट्रैफिक में सतर्कता बरतने, ड्राइविंग करते समय धीमी गति अपनाने और अनावश्यक यात्रा टालने की सलाह दी गई है। इसके अलावा किसानों से आग्रह किया गया है कि वे फसलों को ओलों से बचाने के उपाय करें और संभव हो तो नुकसान को रोकने के लिए उचित तैयारी रखें। IMD के वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि इस समय वायु प्रणाली में बदलाव के कारण मॉनसून के बाहर भी गतिविधियां सक्रिय हो रही हैं, जिससे मौसम का मिजाज अस्थिर बना हुआ है।

## बंगाल अग्निकांड पीड़ितों को 10 लाख मुआवजा


पश्चिम बंगाल में हुए भीषण अग्निकांड को लेकर राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का ऐलान किया गया है। इसके साथ ही घायलों के इलाज का पूरा खर्च सरकार वहन करेगी। प्रशासन के अनुसार, आग लगने की घटना बेहद गंभीर थी और इसमें कई परिवार प्रभावित हुए हैं। घटना के बाद राहत और बचाव कार्य तेज़ी से चलाया गया, जबकि फायर ब्रिगेड और आपदा प्रबंधन की टीमों ने स्थिति पर काबू पाया। सरकार ने मामले की उच्चस्तरीय जांच के आदेश भी दे दिए हैं। शुरुआती जांच में सुरक्षा मानकों में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है।

### इंडिगो की कई उड़ानें 11 फरवरी तक रद्द



इधर, विमानन क्षेत्र से जुड़ी एक और अहम खबर सामने आई है। इंडिगो एयरलाइंस ने परिचालन और तकनीकी कारणों का हवाला देते हुए अपनी कई उड़ानों को 11 फरवरी तक रद्द करने का फैसला किया है। इससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। एयरलाइन ने कहा है कि प्रभावित यात्रियों को वैकल्पिक उड़ान बुक करने या पूरा रिफंड लेने का विकल्प दिया जा रहा है। लगातार बदलते मौसम और परिचालन चुनौतियों के बीच यह फैसला यात्रियों की सुरक्षा और संचालन को ध्यान में रखते हुए लिया गया बताया जा रहा है।

## Global Firepower 2026: भारत बनी दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति



Global Firepower Index 2026 की ताजा रैंकिंग जारी कर दी गई है, जिसमें भारत ने दुनिया की चौथी सबसे मजबूत सैन्य शक्ति के रूप में अपनी स्थिति मजबूत रखी है। यह रैंकिंग 145 देशों की सैन्य क्षमता, हथियारों, संसाधनों, लॉजिस्टिक्स और तकनीकी क्षमताओं सहित 60 से अधिक मानकों के विश्लेषण पर आधारित है। इसके अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष पर है, इसके बाद रूस और चीन का क्रम है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत को 0.1346 PwrIndx स्कोर मिला है, जो वैश्विक स्तर पर उसकी सैन्य क्षमता को दर्शाता है। इस स्थान पर बने रहने में देश की थल, वायु और नौसेना की बलशाली क्षमताओं के साथ-साथ स्वदेशी रक्षा उत्पादन और आधुनिकरण की पहल का बड़ा योगदान रहा है। दूसरी ओर, पाकिस्तान की स्थिति में गिरावट जारी है, और वह 14वें नंबर पर खिसक गया है। पिछले साल यह 12वें स्थान पर था, लेकिन 2026 की रैंकिंग में उसकी स्थिति नीचे आ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि आर्थिक चुनौतियों, आधुनिकीकरण की धीमी गति और कुछ रणनीतिक परेशानियों के कारण उसकी रैंकिंग पर असर पड़ा है। खासकर ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की सैन्य स्थिति कमजोर पड़ने के संकेत भी रिपोर्ट में दिखे हैं। Global Firepower रिपोर्ट यह भी स्पष्ट करती है कि इस रैंकिंग में केवल सेना की संख्या ही नहीं, बल्कि तकनीकी श्रेष्ठता, रक्षा बजट, निर्माण क्षमता और रसद नेटवर्क जैसे कारक भी शामिल हैं। इस वजह से भारत जैसी बढ़ती शक्ति को वैश्विक स्तर पर उच्च रैंकिंग मिलती है, जबकि सीमित संसाधनों वाले देशों की रैंकिंग दबाव में आती है। इस रैंकिंग के साथ भारत की वैश्विक सुरक्षा वरिष्ठता और सैन्य संतुलन को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा तेज हुई है, जबकि पाकिस्तान के कमजोर रनकिंग के कारण रणनीतिक समीक्षाओं में नई बहसें शुरू हो गई हैं। इसके अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका शीर्ष पर है, इसके बाद रूस और चीन का क्रम है।



# Aaj Ka Rashifal 28 January

## इन चार राशि वालों की आय में हो सकता है इजाफा और नौकरी में प्रमोशन के योग,



28 January Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 28 जनवरी 2026 का राशिफल।आज 28 जनवरी, बुधवार को माघ मास की शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि है, जिसका स्वामी ग्रह भगवान गणेशजी हैं। आज चंद्रमा वृषभ राशि में गोचर करेंगे, जिससे वह उच्च के होकर गौरी योग बनाएंगे। साथ ही बुधवार के दिन बुध और सूर्य की युति होने से बुधादित्य योग बन रहा है,

### मेष

आज आपके सोचे हुए काम पूरे होंगे, जैसे आपको खुशी होगी। धन को लेकर यदि कोई समस्या थी, तब वह भी दूर हो सकती है। सामाजिक क्षेत्र में भी आपको अच्छी सफलता मिलेगी। आपकी अच्छी सोच से आपके काफी मित्र बनेंगे। आपको बिजली के कोई उपकरणों से संबंधित काम मिलने में सफलता मिलेगी। दोस्तों व परिवार के सदस्यों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप अपने घर के रेनोवेशन को बारे में भी सोच विचार कर सकते हैं। संतान को तरक्की करते देख आपको खुशी होगी।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए दानपुण्य के कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। आपकी किसी पुराने साथी से मुलाकात होगी। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे। आपको आज अपने पारिवारिक मामलों को लेकर किसी बाहरी व्यक्ति से बातचीत करने से बचना होगा, नहीं तो इससे आपके आपसी विवाद खड़े होंगे।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आप जीवनसाथी के साथ रोमांटिक पल व्यतीत करेंगे और आपको यदि कोई शारीरिक समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आप किसी वाद विवाद से दूरी बनाकर रखें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी से मांगकर वाहन चलाने से बचें, नहीं तो अकस्मात खराबी के कारण आपका धन खर्च बढ़ सकता है और भाई- बहनों से आप काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

### कर्क

आज के दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढ़ाने के लिए रहेगा। दोस्तों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। अविवाहित जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान की दस्तक हो सकती है। आपके भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि होगी। आप अपनी जल्दबाजी की आदत के कारण परेशान रहेंगे। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। आपको माताजी से काम को लेकर सलाह करनी पड़ सकती है।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपने लंबे समय से रुके हुए कामों पर फोकस करने की आवश्यकता है, तभी वह पूरे होंगे। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें, लेकिन धन से संबंधित मामलों में आपको सतर्कता बनाए रखनी होगी। पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए आप आगे बढ़ेंगे, लेकिन उसमें पूरी लिखापढ़ी करके चले।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी आय और व्यय में तालमेल बनकर चलना होगा। आप अपने बढ़ते खर्चों को कंट्रोल करने की कोशिश करें। नौकरी मे बदलाव की योजना बना रहे लोगों को किसी दूसरी नौकरी का ऑफर आ सकता है। आज आपको अपने माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालना होगा। आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी।

### तुला

आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने अलास्य को त्याग कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है, तभी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आप अपनी आवश्यकताओं के अनुसार ही खर्च करें, क्योंकि बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। जीवनसाथी नौकरी के किसी काम को लेकर कहीं बाहर जा सकते हैं। आपकी कला व कौशल में सुधार आएगा। आपको किसी विरोधी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए आय के मामले में बढ़िया रहने वाला है। आप अपने घर की साज-सज्जा के लिए भी कुछ नई चीजों की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में यदि किसी बात को लेकर कलह चल रही थी, तो वह भी बातचीत के जरिए दूर होगी। आज आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आपके आसपास में यदि कोई वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो आपस उसमें चुप रहें। आपके घर किसी तरह के कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती है।

### धनु

आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। परिवार के सदस्यों के साथ आप किसी से लंबी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप किसी से कोई बात बहुत ही तोल मोलकर बोले और अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखें। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं, जिसको लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना करें। किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा करने से कार्यक्षेत्र में लड़ाई झगड़े की स्थिति उत्पन्न होगी।

### मकर

आज आप अपने अधूरे कामों को पूरा करने के पूरे कोशिश करेंगे। सामाजिक कामों में आप बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी। परोपकार के कार्यों में आप आगे बढ़ेंगे। भाई-बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा और आपको किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। आपको किसी काम को पूरा करने में यदि समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर हो सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको अपनी आय और व्यय में संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है, क्योंकि आपके सामने कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो आपको मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें, नहीं तो परिवार के सदस्य आपसे नाराज हो सकते हैं। आपको कोई निर्णय सोच समझकर लेना होगा और आप किसी अजनबी पर आंख बंद करके भरोसा ना करें। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर उलझनें चल रही है, तो उसे भी दूर करने की कोशिश करें।

### मीन

आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। बिजनेस में आपको अच्छी कमाई होगी और आपकी पार्टनरशिप भी बेहतर चलेगी। आप अपने व्यवसाय को कहीं बाहर तक ले जाने की कोशिश में भी कामयाब रहेंगे। धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो उसके भी पूरे होने की संभावना है। दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ आप समय व्यतीत करेंगे। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में भी सम्मिलित हो सकते हैं। आपकी धार्मिक कामों के प्रति काफी रुचि रहेगी।

दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# 1 फरवरी को बारिश की संभावना

## तीन साल बाद जनवरी में सबसे अधिक बादल बरसे



राजधानी दिल्ली में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से जनवरी माह में बीते तीन वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए अब तक की सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार, इस माह में अब तक 21.01 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है।राजधानी में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बीते तीन साल बाद जनवरी में अबतक सबसे अधिक मेघ बरसे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, इस माह में अब तक 21.01 मिमी बारिश हो चुकी है। इससे पहले 23 और 24 जनवरी की सुबह 8:30 बजे तक सफदरजंग मानक वेधशाला में 19.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। वहीं, साल 2025 में 8.3, 2024 में बारिश ट्रेस और 2023 में 20.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई थी। इसके अलावा, ऑल टाइम रिकॉर्ड साल 1885 का है, जब 173.2 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। हालांकि, मौसम विभाग ने अब महीने के अंत तक बारिश नहीं होने की संभावना जताई है। ऐसे में बुधवार को पारा गिर सकता है। इससे ठिठुरन बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में 28 जनवरी से 2 फरवरी तक मौसम ठंडा और बादल वाला रहने का अनुमान है। 28 जनवरी से 30 जनवरी तक अधिकतर बादल छाए रहेंगे और सुबह हल्का कोहरा रहेगा। 29 जनवरी को मौसम आंशिक रूप से बादल वाला रहेगा। 31 जनवरी को भी आंशिक बादल रहने के साथ हल्का कोहरा रहेगा। 1 फरवरी को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और एक-दो बार हल्की बारिश के साथ गरज और बिजली कड़कने की संभावना है।दिल्ली में मंगलवार को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिसके चलते से ठंड बढ़ गई है। बीते सोमवार को अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस रहने के बाद मंगलवार को बारिश से तापमान में गिरावट हुई। इससे एक बार फिर से सर्दी की वापसी हो गई है। मंगलवार को नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से दिल्ली में फिर मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह नौ बजे ही अंधेरा छा गया और रात का अहसास होने लगा। ऐसे में कुछ देर बाद ही बारिश शुरू हो गई।

# UP: दो महीने पहले लव मैरिज,

## अब पति का कत्ल, इस जिद पर अड़ी थी पत्नी; आईवीआरआई कर्मी की हत्या की पूरी कहानी



यूपी में एक और पति की हत्या का मामला सामने आया है। प्रेम-विवाह के दो महीने बाद आईवीआरआई कर्मी की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव फंदे पर लटका दिया। परिवार और पुलिस ने समझी आत्महत्या की है। लेकिन पोस्टमॉर्टम में हकीकत सामने आ गई। पत्नी और उसके परिवार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।बरेली में आईवीआरआई के संविदाकर्मी जितेंद्र यादव की गला दबाकर हत्या कर दी गई। शव फंदे पर लटका होने से शुरू में आत्महत्या का मामला मानकर परिवार ने पुलिस को सूचना दी और पत्नी ज्योति व उसके परिजनों के खिलाफ आत्महत्या को मजबूर करने की रिपोर्ट दर्ज करा दी। पोस्टमॉर्टम में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई। प्रेम-विवाह के दो महीने बाद हुई हत्या की वजह पर जांच की जा रही है। सोमवार सुबह इटावा के थाना ऊसरहार के गांव भाऊपुरा निवासी अजय कुमार ने इज्जतनगर इंस्पेक्टर विजेंद्र सिंह को बताया कि उनका भाई 33 वर्षीय जितेंद्र आईवीआरआई में संविदाकर्मी के रूप में कार्यरत था। बरेली की दुर्गानगर कॉलोनी निवासी ज्योति प्रजापति ने जितेंद्र से परिचय बढ़ाया। संपत्ति हड़पने के लिए जितेंद्र को प्रेमजाल में फंसा लिया और दो माह पहले प्रेमविवाह कर लिया। इज्जतनगर के कैलाशपुरम में ज्योति जितेंद्र के साथ ज्योति रहने लगी।आरोप लगाया कि ज्योति, ज्योति का पिता कालीचरन, मां चमेली और भाई दीपक मिलकर जितेंद्र पर उसकी पुश्तैनी संपत्ति बेचकर मकान व कार खरीदने का दबाव बनाने लगे। जितेंद्र ने उनसे और अपनी मां से इसकी शिकायत की थी। जितेंद्र ने बताया था कि वह जमीन नहीं बेचना चाहते हैं, लेकिन पत्नी और ससुराल वाले दबाव बना रहे हैं। जितेंद्र ने अनहोनी होने की आशंका भी व्यक्त की थी।अजय ने बताया कि परिजनों ने ज्योति को समझाया, लेकिन वह कार और मकान खरीदने की जिद पर अड़ी रही। जितेंद्र के विरोध करने पर ज्योति उनके भाई को प्रताड़ित करती थी और दहेज के झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देती थी। 26 जनवरी को अजय कुमार को पता चला कि उनके भाई जितेंद्र का शव किराये के कमरे में लटका हुआ है।

# अरिजीत के संन्यास पर चिन्मयी भावुक




मशहूर सिंगर और म्यूजिशियन अरिजीत सिंह ने कल मंगलवार को एक चौंकाने वाला एलान किया। उन्होंने प्लेबैक सिंगिंग से संन्यास ले लिया है। इस बीच चिन्मयी श्रीपदा ने उनके साथ काम करने का अनुभव शेयर किया है।इंडस्ट्री के मशहूर सिंगर अरिजीत सिंह ने प्लेबैक सिंगिंग की दुनिया से रिटायरमेंट ले लिया है। बीते दिन अरिजीत सिंह ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से यह एलान किया। उन्होंने बताया कि अब वे प्लेबैक सिंगर के रूप में कोई नया काम नहीं ले रहे हैं। उन्होंने अपने इस सफर को एक खूबसूरत यात्रा बताया। अरिजीत सिंह के प्लैबैक सिंगिंग से संन्यास पर मशहूर सिंगर चिन्मयी श्रीपदा ने रिएक्शन दिया है। सिंगर चिन्मयी श्रीपदा ने अपने एक्स अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने वह अनुभव साझा किया, जब उन्होंने अरिजीत सिंह के साथ काम किया। वे लिखती हैं, 'मुझे याद है जब अरिजीत ने प्रीतम सर के लिए मुझे रिकॉर्ड किया था। तब मैं उनसे मिली थी। और, मुझे याद है कि मैंने उनसे कहा था कि वह बॉलीवुड पर राज नहीं कर रहे हैं कुछ नहीं है।तब तक 'तुम ही हो' रिलीज नहीं हुआ था। फिर, जब वे इंडस्ट्री के सबसे चहेते और डिमांडिंग सिंगर बने, उसके बाद भी मैंने उनके साथ कई बार काम किया और कुछ भी नहीं बदला

# जाकिर खान ने अचानक क्यों लिया कॉमेडी से ब्रेक?



कॉमेडियन जाकिर खान ने बीते दिनों जब अचानक ब्रेक का एलान किया तो उनके फैंस को झटका लगा। हर किसी के मन में सवाल भी आया कि आखिर करियर के इतने शानदार पड़ाव पर उन्होंने ब्रेक क्यों लिया है? कॉमेडियन ने यूं तो ब्रेक के समय बताया था कि वे अब सेहत पर ध्यान देंगे] असल वजह का खुलासा भी कर दिया है। कॉमेडियन ने सेहत के मद्देनजर कॉमेडी से ब्रेक लिया है। उन्होंने कहा कि परिवार की आनुवांशिक बीमारी की वजह से उन्होंने ऐसा करने का फैसला लिया है।

# सारा अली खान से ओरी ने इसलिए बनाई दूरी






# आलिया भट्ट ने की 'बॉर्डर 2' की समीक्षा



'बॉर्डर 2' लगातार सिनेमाघरों में धमाल मचा रही है। यह फिल्म दर्शकों के साथ ही सेलेब्स के दिलों में भी खास जगह बना चुकी है। फिल्म की सफलता के बीच आलिया ने 'बॉर्डर 2' की तारीफ की है।आलिया भट्ट ने हाल ही में कन्नड़ एक्टर यश की आगामी एक्शन फिल्म 'टॉक्सिक' की तारीफ की थी। वहीं आज आलिया ने सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' की समीक्षा करते हुए अपने सबसे अच्छे दोस्त वरुण धवन और फिल्म की पूरी टीम के लिए एक खास नोट लिखा है। दरअसल, आलिया की यह पोस्ट उनके दोस्त वरुण के सपोर्ट में है।आलिया भट्ट ने आज अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म 'बॉर्डर 2' की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म का एक सीन शेयर किया और लिखा कि यह कितनी खूबसूरत फिल्म है। उन्होंने डायरेक्टर अनुराग सिंह और पूरी टीम के शानदार काम की भी प्रशंसा की। आलिया ने खास तौर पर अपने दोस्त वरुण धवन की बहुत तारीफ की। आलिया ने लिखा कि वरुण ने हर फ्रेम में अपना दिल और जान लगा दी है। उन्होंने लिखा, 'मेरे प्यारे दोस्त ने कमाल कर दिया, साल की बहुत शानदार शुरुआत। पूरी टीम को बधाई।'फिल्म 'बॉर्डर 2', 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने आज मंगलवार को पांच दिनों में कुल 183.36 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है, जो लगातार बढ़ता जा रहा है। इस फिल्म में वरुण धवन ने भारतीय सेना के बहादुर अधिकारी मेजर होशियार सिंह दहिया का रोल निभाया है। इस फिल्म में सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, मेधा राणा और बाकी कलाकार भी हैं। यह फिल्म 1997 की मशहूर फिल्म 'बॉर्डर' की अगली कड़ी है, जो युद्ध और देशभक्ति पर आधारित है। आलिया और वरुण ने पहले कई फिल्मों में साथ काम किया है। दोनों ने 14 साल पहले करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की। इसके बाद दोनों ने साथ में 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया' और 'कलंक' जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया है।

# फाल्गुन की दस्तक से पहले खेसारी लाल पर चढ़ा रंगों का सुरूर

होली का त्योहार हो और खेसारी लाल यादव के गाने न हों? ऐसा भला कैसे हो सकता है! त्योहार की आमद से पहले भोजपुरी सिंगर होली स्पेशल सॉन्ग लेकर आए हैं, जो आज बुधवार को रिलीज हुआ है।भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव एक्टिंग के साथ-साथ सिंगिंग के लिए भी खूब मशहूर हैं। फैंस उनके गानों के लिए क्रेजी रहते हैं।

लीज हो चुके हैं। अब फाल्गुन माह की दस्तक से पहले वे फैंस के लिए होली स्पेशल गाना लेकर आए हैं। भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव एक्टिंग के साथ-साथ सिंगिंग के लिए भी खूब मशहूर हैं। फैंस उनके गानों के लिए क्रेजी रहते हैं। नए साल में उनके 'रुमालिया' और 'ओ पिया' सहित कई गाने रिलीज हो चुके हैं। अब फाल्गुन माह की दस्तक से पहले वे फैंस के लिए होली स्पेशल गाना लेकर आए हैं। खेसारी लाल के नए गाने का टाइटल 'होली परल बा 4 के' है। दरअसल, यह त्योहार मार्च में चार तारीख को पड़ रहा है। गाने के टाइटल में उन्होंने यह तारीख मेंशन कर दी है। गाना बुधवार को सुबह West Bhojpuri4 के यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इसे खेसारी लाल यादव और शिल्पी राज ने मिलकर गाया है। इस गाने में खेसारी शिवानी गुप्ता के साथ नजर आए हैं।दर्शकों को पसंद आया खेसारी का गानागाने की थीम होली का त्योहार और हंसी मजाक है। दरअसल, इसमें जीजा साली के रिश्ते और होली के त्योहार पर होने वाले हंसी-मजाक को दिखाया है। म्यूजिक, खेसारी के डांस और रंगों की फुहार के साथ गाना सुनने और देखने दोनों तरीके से मजेदार है। इस फेस्टिवल सॉन्ग को खेसारी के फैंस पसंद कर रहे हैं। इस पर यूजर्स के पॉजिटिव रिएक्शन आ रहे हैं । खेसारी लाल यादव के वर्क फ्रंट की बात करें तो गानों की बीच वे अपनी नई फिल्म को लेकर भी तैयारियां कर रहे हैं। उनकी नई फिल्म है, डीजे खेसारी'। इस भोजपुरी फिल्म का बीते दिनों फर्स्ट लुक शेयर किया गया था। इस फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। इसे जितेंद्र कुमार राय और अमृत कुमार ने प्रोड्यूस किया है।

## Biz Updates: बैंकिंग हड़ताल से 4 लाख करोड़ रुपये के चेक क्लियरेंस अटके

### मैरिको का मुनाफा 460 करोड़ रुपये पहुंचा



देशभर में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल का असर वित्तीय गतिविधियों पर साफ नजर आया। बैंकिंग यूनियनों की हड़ताल के चलते करीब 4 लाख करोड़ रुपये के चेक क्लियरेंस अटक गए, जिससे कारोबारियों, उद्योग जगत और आम ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बैंक शाखाओं में कामकाज ठप रहने से नकद लेन-देन, चेक क्लीयरेंस और अन्य जरूरी सेवाएं प्रभावित रहीं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हड़ताल लंबी चली, तो इसका असर बाजार की तरलता और छोटे कारोबारियों की नकदी स्थिति पर भी पड़ सकता है। मैरिको लिमिटेड ने चालू वित्त वर्ष की तिमाही में 460 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया है। मैरिको ने आगे कहा कि आने वाले समय में भी वह अपने पोर्टफोलियो को मजबूत करने और नए उत्पादों पर फोकस जारी रखेगी। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि जहां एक ओर बैंकिंग हड़ताल ने कारोबार को झटका दिया है, वहीं मैरिको जैसे मजबूत नतीजे देने वाली कंपनियों से शेयर बाजार में निवेशकों का भरोसा बना हुआ है। कंपनी प्रबंधन के अनुसार ग्रामीण और शहरी बाजारों में मांग में सुधार देखने को मिला है।

## Gold Silver Price Today

### नई ऊंचाई पर पहुंचे सोना-चांदी के भाव



बुधवार को सोने और चांदी की कीमतों ने नया रिकॉर्ड बनाया। वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विवाद और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग के चलते दोनों कीमती धातुओं में जबरदस्त उछाल देखा गया। विशेषज्ञों के अनुसार अमेरिकी टैरिफ मामलों और फेडरल रिजर्व के ब्याज दर फैसलों को लेकर अनिश्चितता से निवेशक सेफ हेवन की ओर बढ़ रहे हैं। घरेलू बाजार में सोना ₹1.62 लाख प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया, जबकि चांदी का भाव ₹3.77 लाख प्रति किलो तक दर्ज किया गया। जबकि चांदी में साल की शुरुआत से अब तक 50% से ज्यादा तेजी आ चुकी है। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर डॉलर कमजोर रहता है और वैश्विक जोखिम बढ़ता है, तो आने वाले दिनों में सोना-चांदी और नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। प्रमुख शहरों में भी सोने-चांदी के दाम ऊंचे स्तर पर बने रहे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना $5,200 प्रति औंस के पार चला गया है

## PM Modi: 16 जनवरी को 'स्टार्टअप इंडिया' के 10 साल पूरे

### कार्यक्रम में शामिल होंगे प्रधानमंत्री



है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 जनवरी को स्टार्टअप इंडिया पहल के एक दशक पूरे होने के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस मौके पर सरकार स्टार्टअप इकोसिस्टम की उपलब्धियों, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में अब तक की प्रगति को रेखांकित करेगी। कार्यक्रम में देशभर के स्टार्टअप संस्थापक, निवेशक, उद्योग जगत के प्रतिनिधि और नीति-निर्माता हिस्सा लेंगे। स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत 16 जनवरी 2016 को की गई थी,

विशेषज्ञों का मानना है कि 500 मेगाहर्ट्ज अतिरिक्त स्पेक्ट्रम मिलने से डेटा ट्रैफिक का दबाव कम होगा और 5G व डिजिटल इंडिया मिशन को भी मजबूती मिलेगी। आने वाले समय में इससे स्मार्ट सिटी, ई-गवर्नेंस, ऑनलाइन शिक्षा और डिजिटल हेल्थ जैसी सेवाओं को भी नई रफ्तार मिलने की उम्मीद

## Bank Strike: 'ग्राहकों को न हो कोई परेशानी

### यूनियन की हड़ताल को लेकर बैंकों को मिला निर्देश




बैंक यूनियनों की हड़ताल के ऐलान के बीच ग्राहकों की सुविधा को लेकर बैंकों को अहम निर्देश दिए गए हैं। बैंक प्रबंधन और नियामक संस्थाओं ने स्पष्ट कहा है कि हड़ताल के बावजूद यह सुनिश्चित किया जाए कि आम ग्राहकों को किसी तरह की परेशानी न हो। इसके लिए बैंकों को वैकल्पिक व्यवस्था करने, आवश्यक सेवाओं को चालू रखने और डिजिटल प्लेटफॉर्म को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के मुताबिक एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई जैसी डिजिटल सेवाएं सामान्य रूप से चालू रहेंगी। इसके साथ ही जरूरी शाखाओं में सीमित स्टाफ के जरिए आवश्यक कार्यों को निपटाने की व्यवस्था करने को कहा गया है हालांकि हड़ताल के चलते चेक क्लीयरेंस, शाखाओं से जुड़े कुछ कामकाज और गैर-जरूरी सेवाओं पर असर पड़ सकता है। ऐसे में बैंकों ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से शाखाओं में जाने से बचें और डिजिटल माध्यमों का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें। बैंकों को ग्राहकों को पहले से सूचना देने और हेल्पलाइन के माध्यम से सहयोग उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## टैरिफ संकट के बीच केंद्र का बड़ा दांव

### विनिर्माण बढ़ाकर 2035 तक निर्यात तीन गुना करने का लक्ष्य



वैश्विक स्तर पर बढ़ते टैरिफ संकट और संरक्षणवादी नीतियों के बीच केंद्र सरकार ने भारत के निर्यात को मजबूती देने के लिए बड़ी रणनीति तैयार की है। सरकार का लक्ष्य है कि विनिर्माण क्षेत्र को सशक्त बनाकर वर्ष 2035 तक देश के निर्यात को मौजूदा स्तर से तीन गुना किया जाए। इसके लिए मेक इन इंडिया, प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (PLI) योजना और घरेलू उत्पादन बढ़ाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, इस रणनीति के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, सेमीकंडक्टर और ग्रीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा दिया जाएगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि टैरिफ दबाव और अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अनिश्चितता के बीच सरकार की यह पहल भारत को दीर्घकालिक लाभ दे सकती है। यदि नीतियों को प्रभावी ढंग से लागू किया गया, तो आने वाले वर्षों में भारतीय उत्पाद वैश्विक बाजार में ज्यादा प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं और देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सकती है।

## India-EU FTA: 'गेमचेंजर' होगा समझौता

### अमेरिका के बजाय यूरोप पर फोकस से बिना अतिरिक्त क्षमता बढ़ाए



भारत-यूरोपीय संघ (India-EU) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा "गेमचेंजर" माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के बजाय यूरोप पर फोकस बढ़ाने से भारत को बिना अतिरिक्त उत्पादन क्षमता बढ़ाए भी बड़ा फायदा मिल सकता है। यूरोपीय बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग पहले से मौजूद है और FTA के लागू होने से टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाएं कम होंगी। इस समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फार्मा, ऑटो कंपोनेंट्स, आईटी सेवाओं और इंजीनियरिंग गुड्स को यूरोपीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की उम्मीद है। अमेरिका की तुलना में यूरोप के साथ व्यापार में अनिश्चितताएं कम मानी जाती हैं। अमेरिका जहां समय-समय पर टैरिफ और नीतिगत बदलाव करता रहा है, वहीं यूरोपीय संघ के साथ दीर्घकालिक और नियम-आधारित व्यापार व्यवस्था की संभावना अधिक है। इससे भारतीय निर्यातकों को स्थिरता और भरोसेमंद बाजार मिलेगा।

## भारत-EU ट्रेड डील: क्या एफटीए में अभी और 'देरी'?

### बातचीत पूरी हुई, वाणिज्य सचिव ने बताया कब होंगे हस्ताक्षर



भारत और यूरोपीय संघ (EU) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को लेकर स्थिति अब काफी हद तक साफ होती दिख रही है। वाणिज्य सचिव ने कहा है कि भारत-EU ट्रेड डील पर बातचीत पूरी हो चुकी है और अब केवल औपचारिक प्रक्रियाएं बाकी हैं। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या समझौते के हस्ताक्षर में अभी और देरी होगी या जल्द ही इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। वाणिज्य सचिव के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच अधिकांश मुद्दों पर सहमति बन चुकी है और कानूनी व तकनीकी पहलुओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

खासकर भारत के लिए टेक्सटाइल, फार्मा, आईटी और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को यूरोपीय बाजार में बेहतर पहुंच मिलने की उम्मीद है। फिलहाल संकेत यही हैं कि बातचीत पूरी होने के बावजूद हस्ताक्षर में थोड़ी औपचारिक देरी हो सकती है, लेकिन इसे लंबा खींचने के मूड में कोई भी पक्ष नहीं है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह डील लागू होते ही भारत-EU आर्थिक संबंधों में नया अध्याय शुरू होगा।

## Budget 2026: क्या सस्ता होगा और क्या महंगा?



केंद्रीय बजट 2026 को लेकर आम लोगों की नजर इस बात पर टिकी है कि उनकी रोज़मर्रा की ज़िंदगी में क्या सस्ता होगा और किन चीज़ों पर जेब और ढीली करनी पड़ेगी। विशेषज्ञों के मुताबिक बजट में मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए इनकम टैक्स में कुछ छूट, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने और हेल्थ व एजुकेशन सेक्टर को प्रोत्साहन देने की उम्मीद है, जिससे इलाज, बीमा और पढ़ाई से जुड़े खर्च सस्ते हो सकते हैं। वहीं, इन्फ्रास्ट्रक्चर और हरित ऊर्जा पर जोर के चलते सीमेंट, स्टील और कुछ निर्माण सामग्री के दाम बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। पेट्रोल-डीजल और गैस पर बड़ी राहत के संकेत फिलहाल कमजोर माने जा रहे हैं, जिससे परिवहन और घरेलू खर्च महंगे रह सकते हैं। कुल मिलाकर बजट 2026 में सरकार की कोशिश विकास और राजकोषीय संतुलन के साथ आम आदमी को सीमित राहत देने की रहने की उम्मीद है।

# T20 World Cup: अब तो भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करना भी पाकिस्तान को पड़ेगा भारी! 348 करोड़ रुपये दांव पर?

पाकिस्तान में T20 वर्ल्ड कप और भारत मैच बहिष्कार को लेकर चर्चाएं गर्म हैं, लेकिन ICC समझौते और प्रसारकों के आर्थिक हितों के चलते PCB पर लगभग 38 मिलियन डॉलर का कानूनी खतरा मंडरा रहा है। नकवी की पाकिस्तानी प्रधानमंत्री से चर्चा तो हुई, पर अंतिम फैसला अभी बाकी है। आर्थिक और कानूनी जोखिमों को देखते हुए बहिष्कार की संभावना न के बराबर दिखती है। टी20 विश्व कप से पहले चल रहे बवाल ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। पहले बांग्लादेश भारत में मैच नहीं खेलने की जिद्द पर अड़ा रहे और फिर उसे आईसीसी ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। इसके बाद अब पाकिस्तान का ड्रामा चालू हो गया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) के चेयरमैन मोहसिन नकवी ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाकात की, जिससे कयास लगाए जाने लगे कि पाकिस्तान या तो टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगा या भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगा, लेकिन इस चर्चा के गंभीर कानूनी और आर्थिक नतीजे सामने आए हैं। दरअसल, टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर



पाकिस्तान में चल रही राजनीति और कूटनीति ने क्रिकेट के मैदान से बाहर भी हलचल बढ़ा दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अन्य क्रिकेट बोर्ड्स की तरह आईसीसी मेंबर पार्टिसिपेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए हुए हैं, जो कानूनी रूप से बाध्यकारी है। इसका मतलब है कि टूर्नामेंट या किसी मैच का बहिष्कार सीधे आईसीसी के नियमों का उल्लंघन होगा। इससे न सिर्फ पीसीबी पर कड़े प्रतिबंध लग सकते हैं, बल्कि प्रसारकों द्वारा भी मुकदमे दायर होने की पूरी संभावना है। भारत और पाकिस्तान का मैच विश्व क्रिकेट का सबसे अधिक देखा जाने वाला इवेंट माना जाता है। रेवस्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ इस मैच से जुड़े लगभग 38 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 348 करोड़ रुपये) की कमाई विज्ञापन, ब्रांडेड प्रोग्रामिंग और स्पॉन्सरशिप से जुड़ी होती है।

# GG vs DC: गुजरात की प्लेऑफ की आस बरकरार, दिल्ली को

गुजरात जाएंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को तीन रन से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 171 रन ही बना सकी। गुजरात जाएंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स को तीन रन से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है। टीम इस जीत के साथ अंक तालिका में दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। वहीं, दिल्ली चौथे स्थान पर है। मंगलवार को वडोदरा में खेले गए मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में दिल्ली की टीम निर्धारित ओवरों में आठ विकेट खोकर 171 रन ही बना सकी। गुजरात के लिए सोफी डिवाइन ने चार विकेट लिए जबकि राजेश्वरी गायकवाड़ को तीन सफलता मिलीं। इसके अलावा एश्ले गार्डनर ने एक विकेट हासिल किया। गुजरात पहले बल्लेबाजी करते हुए आक्रामक शुरुआत की। ओपनर सोफी डिवाइन ने शुरुआती ओवरों में पूरे आत्मविश्वास के साथ शॉट खेले और तीन शानदार चौके लगाए, लेकिन वह 13 रन बनाकर मारिजन काप की गेंद पर बोल्ड हो



गईं। इसके बाद बेथ मूनी ने एक छोर संभालते हुए पारी को आगे बढ़ाया और नंबर तीन पर आईं अनुष्का शर्मा के साथ मिलकर पारी को स्थिरता दी। अनुष्का शर्मा ने तेज बल्लेबाजी करते हुए 25 गेंदों में 39 रन बनाए और आठ चौके जड़े, लेकिन वह श्री चरणी की गेंद पर आउट हो गईं। मिडिल ऑर्डर में गुजरात को लगातार झटके लगे। कप्तान एश्ले गार्डनर, जॉर्जिया वेयरहम और भारती फुलमाली बड़ी साझेदारी नहीं बना सकीं, जिससे रन गति पर असर पड़ा। हालांकि, बेथ मूनी एक छोर पर टिके रहकर समझदारी से बल्लेबाजी करती रहीं और उन्होंने 46 गेंदों में 58 रनों की अहम पारी खेली, जिसमें सात चौके शामिल थे। अंतिम ओवरों में तनुजा कंवर ने तेज 21 रन जोड़कर स्कोर को मजबूती दी, जिससे गुजरात ने 20 ओवरों में 9 विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। 175 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली कैपिटल्स ने तेज शुरुआत की।

# SL vs ENG: हैरी ब्रूक का रिकॉर्ड शतक, जो रूट का जलवा

हैरी ब्रूक के रिकॉर्डतोड़ सबसे तेज शतक और जो रूट की नाबाद शतक की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे वनडे में श्रीलंका को 53 रन से हराया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने 2-1 से वनडे सीरीज भी नाम कर ली। इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज के निर्णायक तीसरे वनडे में इतिहास रच दिया। कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ब्रूक की तूफानी शतकीय पारी और जो रूट के



अनुभव ने इंग्लैंड को 53 रन की शानदार जीत दिलाते हुए सीरीज 2-1 से अपने नाम करा दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत लड़खड़ाई। सलामी बल्लेबाज रेहान अहमद (24) और बेन डकेट (7) जल्दी पवेलियन लौट गए। इसके बाद जो रूट और जैकब बेथेल ने पारी को संभालते हुए तीसरे विकेट के लिए 126 रन की अहम साझेदारी की। बेथेल 65 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रूट ने एक छोर संभाले रखा। इसके बाद मैदान पर कप्तान हैरी ब्रूक का तूफान देखने को मिला। ब्रूक ने मात्र 66 गेंदों में नाबाद 136 रन ठोक दिए, जिसमें 11 चौके और नौ गगनचुंबी छक्के शामिल रहे। उन्होंने सिर्फ 57 गेंदों में शतक पूरा कर इंग्लैंड बनाम श्रीलंका वनडे इतिहास का सबसे तेज शतक जड़ दिया। इस दौरान उन्होंने जोस बटलर और कुमार संगकारा के रिकॉर्ड भी तोड़ दिए। रूट और ब्रूक के बीच चौथे विकेट के लिए 191 रन की अटूट साझेदारी हुई।

# WPL 2026: नंदिनी शर्मा ने रचा इतिहास, महिला प्रीमियर लीग के इस सीजन में दिल्ली की सबसे सफल गेंदबाज बनीं

नंदिनी शर्मा ने महिला प्रीमियर लीग के चौथे संस्करण में 14 विकेट लेकर दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बना दिया। उन्होंने जेस जोनासन का पिछला रिकॉर्ड तोड़ते हुए डेब्यू सीजन में शानदार प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। महिला प्रीमियर लीग 2026 में दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने शानदार प्रदर्शन के साथ इतिहास रच दिया। गुजरात जाएंट्स के खिलाफ मुकाबले में नंदिनी ने एक विकेट लेकर दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वडोदरा के कोतांबी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में नंदिनी शर्मा ने अपने चार ओवरों में सिर्फ 26 रन खर्च किए और 6.50 की बेहतरीन इकोनॉमी से गेंदबाजी की। इस दौरान उन्होंने गुजरात जाएंट्स की अनुभवी ओपनर और अर्धशतक जमा चुकी बेथ मूनी (58 रन) को 17वें ओवर में आउट कर अपनी टीम को बड़ी सफलता दिलाई। नंदिनी शर्मा ने इस विकेट के साथ डब्ल्यूपीएल 2026 में अपने विकेटों की संख्या 14 तक पहुंचा दी। इसी के साथ उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर जेस जोनासन का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने डब्ल्यूपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए 13 विकेट लिए थे। नंदिनी अब दिल्ली कैपिटल्स महिला टीम के इतिहास में एक सीजन में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। नंदिनी शर्मा के लिए यह डब्ल्यूपीएल सीजन बेहद खास रहा है। यह उनका पहला डब्ल्यूपीएल सीजन है और उन्होंने अब तक खेले गए सातों मुकाबलों में कम से कम एक विकेट जरूर लिया है।



# Ranji Trophy: विदर्भ ने 'करो या मरो' मुकाबले के लिए उठाया ये कदम, यूपी के खिलाफ मैच से पहले लिया बड़ा फैसला

विदर्भ ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ 29 जनवरी से होने वाले करो या मरो रणजी ट्रॉफी मैच के लिए तेज गेंदबाज यश ठाकुर को टीम में शामिल किया है। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए विदर्भ को यह मुकाबला हर हाल में जीतना जरूरी है। गत विजेता विदर्भ ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ होने वाले अपने बेहद अहम रणजी ट्रॉफी मुकाबले के लिए तेज़ गेंदबाज़ यश ठाकुर को टीम में वापस बुलाया है। यह मुकाबला 29 जनवरी से विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन (वीसीए) स्टेडियम में खेला जाएगा। दो बार की चैंपियन विदर्भ इस समय एलीट ग्रुप 'ए' में आंध्र प्रदेश और झारखंड के बाद तीसरे स्थान पर है। छह मैचों में 25 अंकों के साथ विदर्भ का नेट रन रेट 1.578 है, जो झारखंड (1.605) से थोड़ा कम है। क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए विदर्भ को शीर्ष दो में रहना ज़रूरी होगा, ऐसे में यह मुकाबला टीम के लिए 'करो या मरो' जैसा है। पिछले मैच में विदर्भ को आंध्र प्रदेश के हाथों आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जो पिछले 16 रणजी मैचों में उनकी पहली हार थी। यह हार 2023-24 रणजी ट्रॉफी फाइनल के बाद पहली बार आई, क्योंकि विदर्भ 2024-25 के खिताबी अभियान में अपराजेय रहा था। टीम की कमान ऑलराउंडर हर्ष दुबे के हाथों में ही रहेगी। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ अक्षय वाडकर अब भी कलाई की चोट के चलते टीम से बाहर हैं, उन्हें यह चोट विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान लगी थी। हर्ष दुबे (कप्तान), यश राठौड़ (उपकप्तान), अथर्व तायडे, अमन मोखाड़े, पार्थ रेखाड़े, नचिकेत भूटे, दर्शन नालकांडे, प्रफुल्ल हिंगे, यश कदम, शुभम कापसे, शिवम देशमुख (विकेटकीपर), रोहित बिंकर (विकेटकीपर), गणेश भोसले, आदित्य ठाकरे, सत्यम भोयार, दानिश मालेवार, आर. समर्थ और यश ठाकुर। रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सीजन में विदर्भ क्रिकेट टीम के सामने अब स्थिति पूरी तरह 'करो या मरो' की बन चुकी है। ग्रुप चरण के इस बेहद अहम मुकाबले में विदर्भ का सामना उत्तर प्रदेश से होना है और इस मैच से पहले टीम प्रबंधन ने एक बड़ा और चौंकाने वाला फैसला लिया है। प्लेइंग इलेवन में बदलाव से लेकर रणनीति में आक्रामक रुख अपनाने तक, विदर्भ ने साफ संकेत दे दिया है।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

